(c) what steps Government have taken to check such trade of selling blood and human organs; and

(f) what action Government have taken against the doctors and private hospitals found involved in such trade?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SMT. D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) Yes, Sir.

(b) No systematic survey has been conducted on the sale of human organs in the country to provide reliable information on the subject.

(c) to (f) Whenever specific cases come to notice these are investigated by the State Health authorities. Government proposes to introduce a bill on the Transplantation of Human Organs to prohibit trading in human organs and to make this practice punishable under law. As far as blood donation for pecuniary advantage is concerned, owing to overall shortage, it is not possible yet to stop this practice. The blood banks are, however, required to test all blood to ensure its complete safety.

लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ शिकायतें

3962. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, नई दिल्ली के डाक्टरों के खिलाफ कितनी शिकायतें मिली हैं ; और

(ख) उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, नई दिल्ली में कार्य कर रहे डाक्टरों के खिलाफ पिछले तीन वर्षों में इस मंत्रालय को तीन शिकयतें प्राप्त हुई थीं। इन मामलों को जांच पड़ताल के बाद समाप्त कर दिया गया है। दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि उनके द्वारा सात शिकायतों की जांच पड़ताल की जा रही है।

3863. (Transferred to the 11th August, 1992.)

गोविन्द बल्लभपंत अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ शिकायतें

3864. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के दौरान गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल, नई दिल्ली के डाक्टरों के खिलाफ कितनी शिकायतें मिली है ; और

(ख) सरकार द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) गोविन्दबल्लभ पंत अस्पताल में कार्य कर रहे डाक्टरों के विरूद्ध पिछले तीन वर्षों के दौरान दो शिकायतें इस मंत्रालय में प्राप्त हुई थीं। जांच-पड़ताल के बाद एक मामले को समाप्त कर दिया गया है जबकि दूसरे मामले में कार्यवाई की जा रही है।

डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ शिकायतें

3865. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के दौरान डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के डाक्टरों के खिलाफ कितनी शिकायतें मिली हैं ; और